# सामाजिक समाचार

**छठी संभाग स्तरीय राजस्व कप क्रिकेट प्रतियोगिता जयपुर ने जीती**

25 फरवरी, 2018 बीकानेर में आयोजित छठी संभागीय राजस्व कप क्रिकेट प्रतियोगिता सम्पन्न हुई, जिसमें फाईनल मुकाबले में जयपुर संभाग ने भरतपुर संभाग को हराकर खिताब अपने नाम किया। इस मैच में दीपक शर्मा ने 18 रन बनाए एवं दो विकेट हासिल किए और यह सीरिज में बेस्ट बॉलर रहे।

दीपक शर्मा (जांगिड) राजस्व विभाग जयपुर में पटवारी के पद पर पदस्थापित हैं और अच्छे क्रिकेटर भी हैं। ये लेखक भी हैं, जिनके लेख लगातार विश्वकर्मा टूडे पत्रिका में प्रकाशित हो रहे हैं। वास्तु एवं ज्योतिष विज्ञान के महारथी हैं। अक्सर इन्होंने कई भविष्य वाणियां की वे लगभग सभी सही साबित हुई हैं। सांगानेर में निवास करते हैं तथा बहुमुखी प्रतिभा के धनी हैं।

**जां.ब्रा. समाज धर्मशाला समिति नईनाथ धाम बांसखोह (बस्सी) जयपुर द्वारा युवक-युवती परिचय सम्मेलन समारोह सम्पन्न**

25 फरवरी, 2018 को जांगिड ब्राह्मण समाज धर्मशाला नईनाथ धाम, बांसखोह तहसील बस्सी, जिला जयपुर के तत्वावधान में युवक-युवती परिचय सम्मेलन का आयोजन किया गया। लगभग 29 वर्षों में यह द्वितीय अवसर है जब नईनाथ धाम में सामूहिक सम्मेलन 24-25 मार्च, 2018 (रामनवमी) को होने जा रहा है। जिसके मुख्य अतिथि श्री रविशंकर शर्मा राष्ट्रीय प्रधान महासभा दिल्ली, श्री गिरधारी लाल जांगिड प्रदेशाध्यक्ष कर्नाटक होंगें।

समारोह का प्रारंभ श्री गणेश व श्री विश्वकर्मा पूजन सम्मेलन समिति द्वारा एवं श्री लखन शर्मा प्रदेशाध्यक्ष, श्री घनश्याम पंवार जिलाध्यक्ष जयपुर, श्री हनुमान सहाय जांगिड लखनपुरी, श्री कैलाश जांगिड दुर्गापुरा, श्री बाबूलाल जांगिड सांगानेर, श्री रामबाबू रावत पूर्व तहसील अध्यक्ष, श्री बाबूलाल सरपंच आदि गणमान्य समाज बन्धुओं द्वारा विधि-विधान से कराया गया। इसके उपरान्त श्री गणेश जी एवं श्री विश्वकर्मा जी के चित्रों पर माल्यार्पण, दीप प्रज्वलन कर सामूहिक आरती की गई।

मंचासीन अतिथियों में सम्मेलन अध्यक्ष श्री लखन शर्मा प्रदेशाध्यक्ष राज., श्री घनश्याम पंवार जिलाध्यक्ष जयपुर, सम्मेलन मुख्य अतिथि श्री हनुमान सहाय शर्मा लखनपुरी, श्री कैलाश चन्द जांगिड दुर्गापुरा, विशिष्ठ अतिथियों में श्री सुरेश पीलवाल पूर्व जिलाध्यक्ष जयपुर, श्री गिरिराज प्रसाद जांगिड कूकस (पार्षद) जयपुर, श्री बाबूलाल जांगिड सांगानेर (हनुमान ट्यूबवेल कं.), श्री दामोदर प्रसाद पूर्व तहसील अध्यक्ष शाहपुरा, कैप्टन हेमराज जांगिड अध्यक्ष अंगिरा आश्रम कोटपूतली, श्री बाबूलाल जांगिड (सरपंच) अध्यक्ष जांगिड विकास समिति सोडाला, श्री राधेश्याम चिचावा संगठन मंत्री प्रदेश सभा, श्री लालचन्द जांगिड संरक्षक युवा शक्ति जयपुर, श्री जगदीश प्रसाद कूकस अध्यक्ष दिल्ली रोड़, श्री महेश जांगिड गुणावता वाले, श्री लक्ष्मीनारायण सिंधानिया, श्री मोहनलाल खटवाड़िया जयपुर, श्री गोपाल पाटोदिया, श्री शिवचरण बस्सी, पं. ओमप्रकाश जटवाड़ा, श्री ओमप्रकाश जांगिड (पोस्ट ऑफिस), श्री सीताराम एवं श्री हनुमान सहाय (बस बॉडी), श्री रामेश्वर प्रसाद जांगिड मांगरोल वाले अध्यक्ष एवं श्री जगदीश डूंगरी महामंत्री जां. समाज हस्तकला सेवा समिति राज. जयपुर आदि मंचासीन हुए।

सभी अतिथियों का माल्यार्पण एवं साफा बंधवाकर समिति पदाधिकारियों श्री रामबाबू रावत, श्री बाबूलाल एवं श्री मदनलाल तुंगा, श्री मदनलाल बस्सी, श्री कालूराम दयारामपुरा, श्री भैरूलाल चिचावा, श्री कैलाश बंदूक्या, श्री कमलेश कुमार जांगिड, श्री प्रभाती लाल बंदूक्या, श्री जगदीश अखेपुरा वाले, श्री कल्याण, श्री लल्लू कचौलिया, श्री रामस्वरूप बल्लुपुरा, श्री कैलाश माधोगढ़ आदि द्वारा सम्मान किया गया।

इस अवसर पर उद्‌बोधन श्री लालचन्द जांगिड, श्री घनश्याम पंवार, कैप्टन हेमराज, श्री रामकिशोर मलवास, श्री लखन शर्मा आदि द्वारा दिया गया, जिसमें सभी ने समिति के इस आयोजन की तारीफ की तथा भविष्य में ऐसे सामूहिक सम्मेलनों में एक रूपता लाने के लिए एक पॉलिसी बनाकर करने की बात कही।

युवक-युवतियों ने स्टेज पर पहुँचकर अपना परिचय दिया तथा कई जोड़ों ने भी एक साथ मंच पर से अपना परिचय दिया।

भामाशाहों/दानदाताओं ने इस सामूहिक सम्मेलन में बतौर अपना खुले दिल से सहर्ष योगदान दिया। किसी ने नगद की घोषणा की तो किसी ने उपहारों की तो कई समाज बन्धुओं ने राशन सामग्री प्रदान करने की घोषणा की।

मंच संचालन श्री सुरेश पिलवाल द्वारा किया गया। इस अवसर पर सैंकड़ों महिलाएं, पुरुषों ने उपस्थित होकर सम्मेलन को सफल बनाया।

इस अवसर पर गणमान्य समाज बन्धुओं में श्री नाथूलाल कोटखावदा सम्मेलन अध्यक्ष चाकसू, श्री बाबूलाल बरखेड़ा तहसील अध्यक्ष चाकसू, श्री गिरिराज प्रसाद चाकसू, श्री ओमप्रकाश जांगिड शाखा सभा अध्यक्ष कानोता, श्री गोपाल जांगिड पंचायत समिति सदस्य, श्री सुरेन्द्र कासलीवाल, श्री हनुमान सहाय कड़वाणिया, श्री रामप्रसाद जांगिड सोडाला समिति जयपुर, श्री रोहिताश्व महामंत्री कोटपूतली, श्री कन्हैयालाल धामा, श्री हजारी लाल जांगिड बांसखोह, श्री प्रहलाद नायला, श्री अशोक हरसोलिया, श्री दामोदर, श्री गोविन्द नारायण गुरुजी, श्री घनश्याम पूर्व जिलाध्यक्ष दौसा, श्री मोहनलाल बारू, श्री सूरज कोटखावदा, श्री भगवान सहाय जांगिड एवं श्री रामप्रताप जांगिड सांगानेर, श्री आर.पी. शर्मा सम्पादक विश्वकर्मा टूडे आदि गणमान्य उपस्थित हुए। अन्त में सभी का समिति द्वारा धन्यवाद ज्ञापित किया तथा सभी को सहभोज के लिए आमंत्रित किया।

**जिला सभा नूँह (हरियाणा) द्वारा आयोजित द्वितीय सामूहिक विवाह सम्मेलन में 17 जोड़े बंधे परिणय सूत्र में**

अ.भा.जां.ब्रा. सभा जिला नूँह (हरियाणा) द्वारा 17 फरवरी,

2018 (फुलेरा दोयज) को बिट्टू मार्केट, पिनगवां पर द्वितीय सामूहिक विवाह सम्मेलन का आयोजन किया गया, जिसमें 17 जोड़े परिणय-सूत्र में बंधे।

समारोह के मुख्य अतिथि श्री राज बिहारी पिलवाल चेयरमेन (होटल शिव विलास, जयपुर), श्री पी.एल. शास्त्री चेयरमेन माइक्रोमेक्स गुड़गांव, डॉ. शेर सिंह जांगडा प्रदेशाध्यक्ष हरियाणा, वरिष्ठ उपप्रधान महासभा श्री विद्या सागर जांगिड, श्री रामपाल शर्मा उद्योगपति बैंगलुरु, श्री गिरिराज पीलवाल जयपुर सहित बड़ी संख्या में समाज बंधु उपस्थित हुए।

**सूरत में राजस्थान विश्वकर्मा मण्डल द्वारा जागरण कार्यक्रम सम्पन्न**

14 फरवरी, 2018 रात्रि को राजस्थान विश्वकर्मा मण्डल, सूरत द्वारा अमावस्या जागरण का भटार में आजाद नगर, राजस्थान सुथार समाज भवन सूरत में आयोजन किया गया। इस अवसर पर भगवान विश्वकर्मा चालीसा का सामूहिक पाठ और भजनों की प्रस्तुतियाँ श्री विनोद शर्मा, श्री विष्णु जोशी, श्री राम निवास, श्री ओमप्रकाश मुंडेल, श्री नेनूराम, श्री नवरतन, श्री सीताराम, श्री अशोक टेलर, श्री राजूदास आदि द्वारा दी गई। मंच संचालन श्री श्रवण धामू व श्री त्रिलोक सुथार द्वारा किया गया। कार्यक्रम में समाज अध्यक्ष श्री मोहनराम, श्री बाबूलाल, श्री रामचन्द्र, श्री हरिराम, श्री रामनिवास, श्री मेहराम, श्री सीताराम, श्री छोटूलाल, श्री हेमेस, श्री सुरजन राम, श्री उगमाराम, श्री लुम्बाराम, श्री गाणकराम सहित कई गणमान्य उपस्थित हुए।

**श्री विश्वकर्मा जांगिड कर्मचारी समिति जयपुर की नवगठित कार्यकारिणी ने ली शपथ**

18 फरवरी, 2018 को श्री विश्वकर्मा जांगिड कर्मचारी समिति जयपुर की नवगठित कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण समारोह 3/25, वरूण पथ, मानसरोवर, जयपुर पर सम्पन्न हुआ, जिसमें श्री जी.पी. शर्मा (से.नि. चीफ इंजिनियर) नव निर्वाचित अध्यक्ष द्वारा श्री आर.डी. शर्मा वरिष्ठ उपाध्यक्ष, श्री ओमप्रकाश मोरीवाल उपाध्यक्ष, श्री दिनेश चन्द शर्मा उपाध्यक्ष श्री सी.एम. शर्मा उबाणा महामंत्री, श्री बृजकिशोर शर्मा कोषाध्यक्ष, डॉ. प्रेमनारायण शर्मा संयुक्त सचिव, श्री त्रिलोक चन्द शर्मा संगठन मंत्री, श्री दामोदर प्रसाद शर्मा प्रचार मंत्री, श्री कैलाश चन्द शर्मा (दायमा) प्रचार मंत्री, श्री राधेश्याम शर्मा प्रचार मंत्री के लिए पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलवाई।

इस अवसर पर श्री कैलाश चन्द गोठवाल, श्री सूरजमल केड़वाल संस्थापक अध्यक्ष आदि उपस्थित हुए।

**टोडारायसिंह (टोंक) में सामूहिक विवाह सम्मेलन समिति द्वारा आयोजित सामूहिक विवाह सम्मेलन में 41 जोड़े परिणय सूत्र में बंधे**

17 फरवरी, 2018 सामूहिक विवाह सम्मेलन विवाह समिति टोडारायसिंह के तत्वाधान में पुराना कोर्ट परिसर, बीसलपुर कॉलोनी में प्रथम आदर्श सामूहिक विवाह सम्मेलन आयोजित किया गया, जिसमें प्रदेशभर से 41 जोड़े परिणय सूत्र में बंधे। सभी दूल्हों की ट्रैक्टरों में सामूहिक निकासी निकाली गई, जो कस्बे पीपली चौराहा, एस.बी.आई. चौराहा, जयपुर चुंगी नाका चौराहा से होकर वापस विवाह स्थल पहुँची। निकासी के दौरान जमकर आतिशबाजी की। तोरण की रस्म अदा की गई। विधि विधान से वैदिक मंत्रोचार द्वारा सभी नव दम्पत्तियों का पाणिग्रहण संस्कार आचार्य श्री मूलचन्द दाधीच एवं पंडितों द्वारा करवाया गया।

वर-वधु को उपहार स्वरूप अलमारी, फ्रीज, एल.सी.डी. टी.वी., सिलाई मशीन, पलंग, गद्दा, तकिया-2, टंकी स्टील, पाँच बर्तन, दीवार घड़ियाँ-3, बाल्टी स्टील सहित 11 बर्तन, कांसी का बाटका, पंखा छत का, टिफिन, कटोर दान, स्टील जग, बेडशीट, पिलोकवर, विश्वकर्मा जी की तस्वीर, रामझारा, स्टील की चरी आदि भेंट की गई।

कार्यक्रम की अध्यक्षता श्री बाबूलाल देवड़ावास जिलाध्यक्ष टोंक द्वारा की गई। इस अवसर पर भैरूलाल जांगिड प्रदेश उपाध्यक्ष, श्री भंवरलाल जांगिड प्रदेश मंत्री, श्री बंशीलाल कींजा शाखा प्रभारी तथा विशिष्ट अतिथि में क्षेत्रीय सांसद सुखबीर सिंह जौनपुरिया, स्थानीय विधायक, पूर्व सभापति नगर परिषद टोंक गणेश माहुर, राज्य सफाई आयोग सदस्य दीपक संगत, नगरपालिका अध्यक्ष संत कुमार जैन, डी.आर. रामचन्द्र गुर्जर, भाजपा जिला मंत्री इन्दु शेखर शर्मा, सी.आर. माया जांगिड ने वर-वधु को आशीर्वाद दिया। सांसद द्वारा छात्रावास के लिए 5 लाख रु. देने की घोषणा की। सम्मेलन के हजारों लोग साक्षी बने।

**जांगिड समाज ने बेटी की शादी में एक अनुकरणीय पहल से दिया एक नया संदेश**

लक्ष्मणगढ़ में झुंझुनूं जिले के मांडासी निवासी ओमप्रकाश जो कि बी.एस.एफ. में सब इंसपेक्टर हैं, उन्होंने अपनी इकलौती पुत्री दीक्षा की शादी में बरातियों (लगभग दो सौ) को हेलमेट प्रदान कर सड़क सुरक्षा के लिए अनूठे तरीके से जागरूकता का संदेश दिया, जिसकी चर्चा लक्ष्मीणगढ़ एवं आसपास के सभी इलाकों में रही। दूल्हा भानुप्रताप स्वयं एल.आई.सी. फतेहपुर में विकास अधिकारी है तथा इनके पिताश्री अनिल कुमार एल.आई.सी. में ही ए.ए.ओ. हैं। दूल्हे के दादा श्री युगल किशोर जांगिड फतेहपुर से पुराने पत्रकार हैं, ये 45 वर्षों से साप्ताहिक मारवाड़ी लोकहित के सम्पादक हैं। दुल्हन के मामा नन्द लाल राजोतिया द्वारा इसकी पहल की गई।

**गौतम छोटी-सी उम्र में ही बना देता है वाहनों की हूबहू कलाकृतियाँ**

गौतम सुथार सुपत्र श्री भावाराम सुथार निवासी दूदवा तहसील सायला मात्र 13 वर्ष की उम्र में ही बिना किसी प्रशिक्षण के कई कलाकृतियाँ बनाई। वैसे तो प्रतिभाएं किसी परिचय की मोहताज नहीं होती हैं, परंतु उचित मंच व प्रोत्साहन के अभाव में सीमित दायरे तक सिमट कर रह जाती है। गौतम के पिता लकड़ी का कार्य करते हैं और कार्य के दौरान जो छोटी-छोटी लकड़ियां बच जाती हैं, उनसे ट्रेक्टर-ट्रॉली, जीप, डम्पर, जे.सी.बी. तथा मोटर साइकिल के शॉकर की सहायता से रिवॉल्विंग चेयर, खिलौने तक बना डाले। गौतम अभी अध्ययनरत हैं और पूरा ध्यान पढ़ाई पर लगाना चाहता है। क्योंकि भविष्य में वे अपने सपने को साकार करने के लिए इंजिनियर बनने की चाह रखता है। छुट्टियों में वो नई-नई कलाकृतियाँ बनाता है और हूबहू लकड़ी से मॉडल तैयार करता है। तीन भाई-बहनों में मंझला है गौतम। पढ़ने में हमेशा अव्वल रहता आया है। कक्षा 5 से लेकर अब तक

कक्षा में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। गौतम घर व स्कूल में शांत व गंभीर स्वभाव का है। गौतम के दादाजी मंगलाराम सुथार हैं।

### किशन जांगिड दसवीं पास ने बनाई सिलिंग फेन वाइण्डिंग करने की मशीन

जजावर कस्बे का निवासी किशन जांगिड जोकि एक साधारण परिवार से है तथा मात्र 10वीं पास है, उन्होंने अपने दम पर सिलिंग फेन वाइण्डिंग करने की मशीन बनाई। इस मशीन की खासियत है कि यह अपना कार्य स्वयं करती है। मोटर वाइण्डिंग में पूरे दिन का समय लग जाता है, वहीं यह मशीन एक घण्टे से कम समय में पंखे की मोटर वाइण्डिंग कर देती है। यह विद्युत से चलती है।

मशीन के उपकरण-फ्रेम, नल फिटिंग का पाइप (मेन साफ्ट), रिडिंग मीटर, दो बियरिंग, दो मोटरसाईकिल टाइसिंग चेन, व्हील, टेबल फेन, राउण्डिंग मोटर तथा डेस्कटॉप उपकरण काम में लिए जाते हैं।

किशन जांगिड के पिता की मोटर वाइण्डिंग की दुकान है। दिमाग में एक ही बात थी कि मोटर वाइण्डिंग में लगभग पूरा दिन लग जाता है, इसके लिए क्या किया जाए और अन्तत: यह मशीन तैयार हो गई। अक्सर बाजार में 20-25 हजार रु. तक आती है ऐसी मशीन। लेकिन किशन ने मात्र 6000/- रुपए की लागत पर यह मशीन तैयार की है। शुरू-शुरू में परेशानी हुई, लेकिन मित्र लखन की सहायता से मशीन का फ्रेम बनाया। किशन ने इंटरनेट की भी इसमें सहायता ली।

### अ.भा.जां.ब्रा. महासभा प्रदेश सभा राजस्थान की नवगठित कार्यकारिणी का भव्य शपथ ग्रहण समारोह सम्पन्न

11 फरवरी, 2018 को प्रदेश सभा राजस्थान की नवगठित कार्यकारिणी का भव्य शपथ ग्रहण समारोह प्रदेश सभा भवन सेक्टर 4, विद्याधर नगर, जयपुर में आयोजित हुआ।

समारोह के मुख्य अतिथि डॉ. समित शर्मा (आई.ए.एस.) निदेशक एवं विशिष्ठ शासन सचिव, समारोह की अध्यक्षता श्री रविशंकर शर्मा (जांगिड) राष्ट्रीय प्रधान महासभा दिल्ली द्वारा की गई। अतिविशिष्ठ अतिथियों में डॉ. जोगाराम जांगिड (आई.ए.एस.) आयुक्त रा.प्रा. शिक्षा परिषद, श्री बी.सी. शर्मा पूर्व वरिष्ठ उपप्रधान महासभा दिल्ली तथा विशिष्ठ अतिथियों में श्री मुकुट बिहारी जांगिड (आर.ए.एस.) विशेषाधिकारी लोकायुक्त, श्री देवेन्द्र शर्मा (आर.ए.एस.) से.नि. रजिस्ट्रार राज. विश्वविद्यालय एवं स्वागताध्यक्ष श्री अशोक जांगिड (ए.जी.एस.) आर्थोराइज्ड एस.सी. टाटा मोटर्स सोजत सिटी (पाली), सम्मानीय प्रदेशाध्यक्षों में श्री लादूराम जांगिड दिल्ली, श्री शेर सिंह जांगडा हरियाणा, श्री प्रहलाद सहाय जांगिड महाराष्ट्र, श्री प्रभुदयाल जांगिड मध्यप्रदेश, श्री गिरधारी लाल जांगिड कर्नाटक, श्री द्वारका प्रसाद शर्मा गुजरात, श्री राधेश्याम जांगिड उत्तरप्रदेश, श्री श्यामलाल शर्मा उत्तराखण्ड आदि उपस्थित हुए। इसके अतिरिक्त मंचासीन अतिथियों में श्री कान्तिप्रसाद टाईगर पूर्व प्रदेशाध्यक्ष एवं पूर्व उपप्रधान महासभा, श्री विद्या सागर जांगिड वरिष्ठ उपप्रधान महासभा व पूर्व प्रदेशाध्यक्ष हरियाणा एवं पूर्व प्रदेश प्रभारी साऊथ, श्री प्रभु बरनेला पूर्व उपप्रधान, डॉ. सी.पी. शर्मा से.नि. विशेष सचिव विधान सभा लखनऊ, श्री रामपाल शर्मा उद्योगपति बैंग्लुरु, श्री तेजेश लुंजा अध्यक्ष जांगिड समाज ट्रस्ट कर्नाटका, श्री रामगोपाल सुथार राजनैतिक प्रकोष्ठ बीकानेर, श्री ललित जड़वाल राजनैतिक प्रकोष्ठ अजमेर, श्री प्रहलाद जांगिड विजय नगर राजनैतिक प्रकोष्ठ, श्री अमराराम उद्योगपति दुबई, श्री पूनाराम बरनेला उद्योगपति एवं पूर्व प्रधान महासभा जोधपुर, श्री राजबिहारी पिलवाल होटल शिव विलास जयपुर, श्री श्रीगोपाल चोयल पूर्व उपप्रधान एवं श्री रमेश चन्द सीदड़ मुख्य चुनाव प्रभारी महासभा, श्री चन्द्रपाल भारद्वाज महामंत्री महासभा, श्री प्रदीप शर्मा पूर्व प्रदेशाध्यक्ष म.प्र., श्री राहुल जांगिड पूर्व प्रदेशाध्यक्ष राज. युवा प्रकोष्ठ, श्री चम्पालाल शर्मा पूर्व प्रदेशाध्यक्ष महाराष्ट्र, श्री आर.सी. शर्मा गोपाल पूर्व प्रदेशाध्यक्ष राज., श्री सीताराम शर्मा से.नि. जज गुड़गांव, श्री बनवारी लाल जांगिड खण्डेलसर उद्योगपति सीकर, श्री सुरेन्द्र वत्स पूर्व कोषाध्यक्ष महासभा, श्री शंकरलाल जांगिड कोषाध्यक्ष महासभा, श्री लोकेश जांगिड पूर्व उपप्रधान महासभा, श्री नेमीचन्द शर्मा एक्स.ई.एन., श्री कैलाश चन्द्र शर्मा प्रधान एज्यूकेशन ट्रस्ट दिल्ली, श्री सीताराम जांगिड पूर्व जिला प्रमुख करौली आदि मंचासीन हुए। श्री बसंत कुमार गेपाल पूर्व मुख्य चुनाव प्रभारी राज., डॉ. अशोक जांगिड पूर्व उपप्रधान महासभा, श्री देवकीनन्दन नागल पूर्व उपप्रधान महासभा, श्री आर.पी. सिंह प्रदेश प्रभारी दिल्ली, श्री अजित माण्डण प्रदेश प्रवक्ता भाजपा, श्री सुधीर पंवार अध्यक्ष शाखा सभा अजमेर, श्री राजेन्द्र मारोठिया अजमेर, श्री गंगादीन प्रधान पहाड़गंज मन्दिर दिल्ली, श्रीमती भारती जांगिड पूर्व जिलाध्यक्ष महिला प्रकोष्ठ, श्री नन्दलाल खण्डेला, श्री दुर्गालाल जांगिड मांगरोल, श्री चिरंजीलाल अध्यक्ष छात्रावास सीकर, जिलाध्यक्षों में राजस्थान से श्री घनश्याम पंवार जयपुर, श्री चौथमल जांगिड सीकर, श्री सोहनलाल जांगिड नागौर, श्री मदनलाल जांगिड कोटा, श्री हुकमचन्द जांगिड सवाई माधोपुर, डॉ. मुकेश समलेटी दौसा, श्री तुलसीराम जांगिड भरतपुर, श्री हेमन्त जांगिड बांरा, श्री कैलाश कारपेन्टर झालावाड़, श्री घीसूलाल जांगिड पाली, श्री मनरूप जांगिड झुंझुनूं आदि, पूर्व जिला अध्यक्षों में श्री खेमचन्द जांगिड अलवर, श्री हरीशंकर जांगिड जयपुर, श्री सुरेश पिलवाल जयपुर, श्री नवल किशोर शर्मा जयपुर, श्री रविन्द्र जांगिड बीकानेर आदि, श्री देवराज राजसमंद, श्री कज्जूलाल धानोता पूर्व उपाध्यक्ष प्रदेश सभा राज., श्री मदनलाल अहमदाबाद, श्री ओमप्रकाश होडल, श्री मनोहर लाल एक्स.ई.एन., श्री गजानन्द जांगिड ए.ई.एन., श्री महादेव प्रसाद एडवोकेट अलवर, श्री कैलाश लोईवाल बगरू, श्री घासीलाल बूंदी, श्री रामेश्वर प्रसाद टटेरा पूर्व अध्यक्ष अतिथि गृह ढेहर का बालाजी, श्री सूरजमल नींदड, श्री पूरण चन्द जांगिड झोटवाड़ा, श्री विष्णु अध्यक्ष अंगारी धाम, श्री श्रवण पूर्व अध्यक्ष अंगारी धमा, श्री रामेश्वर प्रसाद जांगिड (मांगरोल वाले) अध्यक्ष, श्री जगदीश डूंगरी महामंत्री, श्री रमेश, श्री नारायण चौथमल, श्री गणेश सभी जांगिड समाज हस्तकला सेवा समिति से, श्री नथलमल सोमरवाल पाली, श्री नितिन जांगडा कोषाध्यक्ष हरियाणा प्रदेश, श्री हनुमान प्रसाद कोलाया कार्यकारी अध्यक्ष जिला सभा जयपुर, श्री सिरेमल कुलरिया पूर्व उपप्रधान महासभा, श्री सीताराम

शर्मा (शर्मा एण्ड कम्पनी), श्री हनुमान प्रसाद जांगिड टीलावाला पूर्व अध्यक्ष जांगिड समाज हस्तकला, राधा शर्मा भरतपुर, श्रीमती आशा जांगिड देवली, श्री राकेश कुमार जांगिड अलवर, श्री भंवरलाल जांगिड से.नि. एक्स.ई.एन. देवली, श्री महेश जांगिड अध्यापक देवली, श्री भैरूलाल पटवारी टोंक, श्री कानाराम बालोतरा, श्री बनवारी लाल खेड़ली, श्री अनिल कुमार महासचिव विश्वकर्मा एज्यूकेशन ट्रस्ट, श्री गोपाल कोषाध्यक्ष पहाड़गंज मन्दिर दिल्ली, श्री बंकटलाल कोषाध्यक्ष दिल्ली प्रदेश, श्री दयावन्त जांगिड बहरोड़, श्री प्रकाश बहरोड़, श्री पी.डी. शर्मा से.नि. अधिकारी केनरा बैंक, श्री मालीराम दैमन मंगलम ग्लास, श्री पी.एन. शर्मा उपाध्यक्ष प्रदेश सभा बरकत नगर, श्री हनुमान प्रसाद पराना, श्री चन्द्रदत्त जांगिड अध्यक्ष दादी का फाटक, श्री विनोद अजाड़ी कला, श्री रमेश चन्द शर्मा महामंत्री जिलाध्यक्ष जयपुर, श्री महेश चन्द जांगिड एवं बृजमोहन जांगिड एवं श्री हरिनारायण जांगिड पूर्व अध्यक्ष जांगिड समाज हस्तकला सेवा समिति, श्री मनोज शर्मा पत्रकार भास्कर, श्री राधेश्याम चिचावा पूर्व संगठन मंत्री प्रदेश सभा, श्री रामजीलाल जांगिड पूर्व संगठन मंत्री प्रदेश सभा, श्री संजय हर्षवाल अम्बाबाड़ी, श्री पी.डी. हर्षवाल, श्री हनुमान प्रसाद जांगिड गेटोर, श्री प्रहलाद आमेरिया, श्री बाबूलाल जांगिड (सरपंच) अध्यक्ष जांगिड समिति सोडाला, श्री रामस्वरूप जी, श्री बाबूलाल जी चाकसू, श्री नाथूलाल जी कोटखावदा, श्री रामेश्वर जी साली वाले, श्री हरिराम जी नांवा, श्री किशोरी लाल, श्री कजोड़ जांगिड, श्री गोपीराम जी सीकर, श्री राजेन्द्र कालोया, श्री सागर जी सालीवाले, श्री लालचन्द जी, श्री गोपाल सिरोठिया, श्री रामगोपाल जी अजीतगढ़, श्री सीताराम टटेरा सहित सभी शाखा सभा, तहसील सभा एवं जिलाध्यक्षों के पदाधिकारीगण उपस्थित हुए।

सभी मंचासीन अतिथियों द्वारा श्री विश्वकर्मा जी की पूजा-अर्चना की गई तथा सामूहिक आरती की गई। अतिथियों के सम्मान की कड़ी में समारोह के मुख्य अतिथि डॉ. समित शर्मा आई.ए.एस. का अभिनन्दन माल्यार्पण, साफा बंधवाकर प्रदेशाध्यक्ष श्री लखन शर्मा ने किया। अध्यक्षता कर रहे श्री रविशंकर शर्मा राष्ट्रीय प्रधान का माल्यार्पण एवं पगड़ी पहनाकर प्रदेशाध्यक्ष, महामंत्री राजेश शर्मा, जिलाध्यक्ष द्वारा सम्मान किया गया। डॉ. जोगाराम जांगिड आई.ए.एस. अतिविशिष्ठ अतिथि का सम्मान भी माल्यार्पण एवं साफा बंधवाकर समिति पदाधिकारियों द्वारा किया गया। सभी अतिथियों का माल्यार्पण कर पदाधिकारियों द्वारा सम्मानित किया।

इससे पूर्व नवनिर्वाचित राष्ट्रीय प्रधान का भव्य स्वागत करते हुए बाहर से ढोल-बाजे के साथ समाज के प्रबुद्धगणों श्री गिरधारी लाल जांगिड, श्री लखन शर्मा, श्री घनश्याम पंवार, श्री शेर सिंह जांगडा, श्री विद्या सागर जांगिड, श्री रामपाल जांगिड बैंग्लुरु, श्री शंकरलाल कोषाध्यक्ष, श्री लादूराम जांगिड दिल्ली, श्री चन्द्रपाल भारद्वाज, श्री मनरूप जांगिड, श्री सीताराम जांगिड आदि समाज के गणमान्य व्यक्तियों द्वारा मंच तक लाया गया।

श्री लखन शर्मा नवनिर्वाचित प्रदेशाध्यक्ष राजस्थान द्वारा स्वागत भाषण हुआ, जिसमें उन्होंने अपनी भावी कार्यशैली व कायक्रमों की सम्पूर्ण जानकारी प्रदान की। उन्होंने मंच के माध्यम से खचाखच भरे पाण्डाल में आश्वस्त किया कि वे अपने कार्यकाल में पूर्ण निष्ठा व ईमानदारी के साथ सबको साथ लेकर अपने कर्तव्यों का निर्वहन करेंगें। अपनी भावी योजनाओं में उन्होंने महिला शक्ति को आगे लाने के लिए महिला प्रकोष्ठ, युवाओं की ऊर्जा को गति प्रदान करने के लिए युवा प्रकोष्ठ, कानूनी सलाह के रूप में विधि प्रकोष्ठ, इसी प्रकार शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए अलग से प्रकोष्ठ, सम्पत्तियों के संरक्षण के लिए अलग प्रकोष्ठ, चिकित्सा के लिए, कुरुतियों को समाप्त करने, राजनैतिक पक्ष को मजबूत करने के लिए राजनैतिक प्रकोष्ठ आदि के गठन करने के लिए दृढ़ संकल्पित होंगें।

डाटा कलेक्शन करेंगें एवं प्रदेश को आधुनिक तकनीक के आधार पर आगे ले जाने की राह को अंजाम देंगें। आपकी प्रारंभ से ही यह भावना रही है कि मंच पर अतिथि सम्मान में जो वक्त लगता है उसको कम करने के लिए कम से कम मुख्य अतिथि एवं अध्यक्षता कर रहे अतिथियों का ही पूर्ण सम्मान हो तथा बाकी अतिथियों का केवल माल्यार्पण कर समय की बचत कर उसमें उद्‌बोधन की कड़ी को बढ़ाकर समाज को अधिक से अधिक लाभांवित कर सकें। उन्होंने प्रदेश भवन को नवीनतम् भवन में परिणित करने का भी लक्ष्य बनाया है। जैसे राजनैतिक दलों के अनुसार जिस प्रकार सरकार आपके द्वार जाती है, वैसे ही प्रदेश सभा भी समाज के द्वार पहुँचने की कौशिश करेगी। उन्होंने सभी का आभार जताया एवं प्रदेश भवन की लीजमनी को भी समाज बन्धुओं के लिए बड़ी उपलब्धि बताया।

अतिथियों द्वारा नवगठित कार्यकारिणी प्रदेश सभा को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलवाई गई।

डॉ. समित शर्मा आई.ए.एस. द्वारा हुए उद्‌बोधन को समाज लगातार एक टक बिना किसी हलचल के ध्यान से सुनता रहा। डॉ. समित शर्मा ने तेज हवाओं को चलते देखकर कहा आज जो ये बयार चल रही है, वह निश्चित रूप से समाज में एक नया बदलाव लाने का अहसास दिला रही है। उन्होंने श्री लखन शर्मा प्रदेशाध्यक्ष द्वारा स्वागत भाषण की सराहना की तथा कहा कि अब निश्चित रूप से समाज आगे बढ़ेगा व बदलाव होगा। उन्होंने समाज संगठन पर बल दिया। हमारा समाज एक कर्मनिष्ठ तथा आर्थिक स्तर पर सुदृढ़ समाज है, लेकिन हमें केवल आर्थिक तक ही सीमित नहीं रहना है, हमें इसके साथ ही संस्कारित भी होना है, क्योंकि संस्कारों का मूल्य आर्थिक सुदृढ़ता से बहुत अधिक होता है। हमें मजबूत समाज बनाना है। पहले लक्ष्य तय करना है और फिर उसे कर दिखाएं। उन्होंने कहा माल्यार्पण केवल भगवान विश्वकर्मा जी का ही होना चाहिए। हम प्रदेश के 14 लाख अगर एक साथ हों तो हमें कोई तोड़ नहीं सकता, बात जोड़ने की चाहिए। नाराज को भी साथ लाना है। प्रत्येक बन्धु को अपनी-अपनी जिम्मेदारी देनी चाहिए। हम अपने कार्य को पूजा की तरह से करें। कोई कार्य छोटा नहीं है। उन्होंने कई उदाहरण देकर समाज बन्धुओं को संगठन एवं कार्यों पर ध्यान आकर्षित किया।

श्री जोगाराम जांगिड आई.ए.एस. द्वारा अपने उद्‌बोधन में कहा कि 111 साल में सभी प्रधानों एवं अध्यक्षों द्वारा परिवर्तन हुआ, जैसा

कि लखन जी ने स्वागत भाषण में कहा। सामूहिक जिम्मेदारी को निभाने की आवश्यकता है, उन्होंने केवल तीन बातों पर ध्यान आकर्षित किया।

**1. संगठन :** महासभा एक है लेकिन बहुत सारी संस्थाएं उसके अन्तर्गत है तथा सभी का कोर्डिनेशन नहीं है, जयपुर में ही 200 संस्थाएं कार्य कर रही हैं। हमें इनको एक इनर्जी के रूप में ले जाना है। संस्थाएं कोर्डिनेशन के रूप में कार्य कर सके। राज्य स्तर पर विभिन्न प्रकार के प्रकोष्ठ बनाने हैं, ये लखन शर्मा जी ने कहा। डेटाबेस बनाना है, लेकिन सिस्टेमेटिक तरीके से जिससे जनसंख्या का डेटाबेस आसान हो जाएगा। टेक्नोलॉजी को आगे ले जाने की आवश्यकता है।

**2. शिक्षा :** जोधपुर डिविजन में ''शिल्पी संस्थान'' के नाम से संस्था चल रही है जो सभी हॉस्टल का नेटवर्क बनाया है। इसी प्रकार शिक्षा के लिए कार्य करें, जिससे हम ग्रामीण क्षेत्र तक पहुँच सके। अच्छी व गुणवत्ता वाली शिक्षा के लिए अच्छे कोचिंग, छात्रावास व अच्छा परिवेश आदि की आवश्यकता है। आश्रय भी बने जिसमें सहायता हो सके।

**3. संचार :** समाज में अन्दर एवं बाहर संचार करने की आवश्यकता है। अभी भी हमें नामों को लेकर चलने की कोई आवश्यकता नहीं है। चुनाव में हमें हिन्दुस्तान-पाकिस्तान नहीं होना चाहिए। एक ही छाते के नीचे बैठे। समाज के अन्दर भी तथा समाज के बाहर भी इसके संवाद करने की आवश्यकता है। इससे शिक्षा के क्षेत्र व चुनाव क्षेत्र में सहयोग होगा।

श्री अमरराम दुबई ने उद्‌बोधन में कहा हमारा समाज आगे बढ़ रहा है, हम बहुत मेहनत कर रहे हैं तथा बड़े-बड़े एचीवमेंट प्राप्त कर रहे हैं। विदेशों में भी। मैं रहता दुबई में हूँ लेकिन मेरी आत्मा हिन्दुस्तान में बसती है। दुबई में 10 हजार राजस्थानी हैं, हमने ''राजस्थान सेवा समिति'' के नाम से संस्था बनाई हुई है, जो कि हम राजस्थान वासियों की हेल्प करती है।

श्री रामगोपाल सुथार ने अपने उद्‌बोधन में कहा कि इस वर्ष विधानसभा चुनाव आ रहे हैं, हमें राजनीति में भागीदारी के लिए अभी से एकजुट हो जाना चाहिए।

श्री रविशंकर शर्मा प्रधान द्वारा उद्‌बोधन में कहा कि मैं समाज के सर्वांगीण विकास के लिए सदैव तत्पर रहूंगा। हमें राजनैतिक क्षेत्र में सोच-समझकर कदम उठाना है। एक आवाज पर वोट देना है और जो पार्टी समाज को महत्व देगी उसी पार्टी को समाज का वोट जाएगा।

मंच संचालन श्री कैलाश शर्मा (साली वाले) पूर्व महामंत्री प्रदेशसभा द्वारा किया, जिनका सहयोग किया श्री राजेश शर्मा महामंत्री प्रदेश सभा ने।

अन्त में श्री घनश्याम पंवार जिलाध्यक्ष जयपुर द्वारा आगन्तुक समाज बन्धुओं, अतिथियों, पदाधिकारियों का आभार प्रकट किया।

### आयुषी विद्या मन्दिर में 12वीं कक्षा का विदाई समारोह एवं होली मिलन समारोह मनाया गया

28 फरवरी, 2018 को आयुषी विद्या मन्दिर उच्च माध्यमिक विद्यालय प्रांगण, शीतला माता, चाकसू, जयपुर में 12वीं कक्षा का विदाई समारोह एवं होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। समारोह का आयोजन श्री शंकर जांगिड संचालक विद्यालय द्वारा किया गया। समारोह के मुख्य अतिथि पंचायत समिति सदस्य श्री सीताराम गुर्जर तथा विशिष्ठ अतिथि पूर्व पार्षद श्री मोहन सिंह राजावत, श्री गोबन्द गुर्जर, श्री लक्ष्मण चौसल, श्री नारायण जांगिड (धूनी), श्री सत्यनारायण जांगिड प्रधानाध्यापक, श्री बाबूलाल सैनी आदि रहे।

इस अवसर पर 12वीं कक्षा के छात्र-छात्राओं को 90% से अधिक अंक लाने पर स्कूल संचालक की तरफ से लेपटॉप देने की एवं 95% से अधिक अंक लाने पर स्कूटी देने की घोषणा की। पंचायत समिति सदस्य श्री सीताराम गुर्जर ने अपने सम्बोधन में छात्र-छात्राओं को कड़ी से कड़ी मेहनत कर अपने लक्ष्य की ओर अग्रसर होने को कहा तथा युवा पीढ़ी देश का भविष्य है आप आगे जाकर समाज व देश का नाम रोशन करें। स्कूल अध्यापक श्री लालाराम जाट, श्री अर्जुन लाल बैरवा, श्री रामअवतार जांगिड, श्री दामोदर शर्मा (शास्त्री) तथा 11वीं की छात्राएं भी उपस्थित थीं।

### श्री विश्वकर्मा महामण्डल डिग्गी की मीटिंग में चुनाव सम्पन्न

24 फरवरी, 2018 को श्री विश्वकर्मा महामण्डल डिग्गी की मीटिंग का आयोजन किया गया, जिसमें विश्वकर्मा महामण्डल के चुनाव सम्पन्न हुए। पूर्व कार्यकारिणी के कोषाध्यक्ष श्री शंकर लाल गोठवाल, निवासी कुरथल ने तीन वर्ष कार्यकाल का आय-व्यय विवरण पेश किया। सभापति श्री रामनारायण ग्वाला (राजपुरा) के सान्निध्य में चुनाव प्रक्रिया प्रारंभ हुईं, जिसमें श्री रामलाल जांगिड निवासी भीपुर को निर्विरोध श्री विश्वकर्मा महामण्डल डिग्गी अध्यक्ष चुना गया। श्री सीताराम जांगिड लावा वालों को कोषाध्यक्ष चुना गया।

मीटिंग में श्री पप्पूलाल सोलाणिया देशमा, तहसील अध्यक्ष मालपुरा श्री घासीलाल जांगिड तितरिया, श्री सत्यनारायण जांगिड डिग्गी, श्री नाथूलाल धामा मालपुरा, श्री बंशी जी रोडाया मालपुरा, श्री रामकिशन भीपुर, श्री रमेश जी डिग्गी, श्री सियाराम गोठवाल डिग्गी, श्री कैलाश जी कुरथल सहित लगभग 200 समाज बन्धुओं की उपस्थिति रही।

सर्वसम्मति से बने अध्यक्ष श्री रामलाल जांगिड भीपुर ने सभी पधारे समाज बन्धुओं का माला, साफा बंधवाकर स्वागत किया।

–सत्यनारायण जांगिड (पूर्व महामंत्री महामण्डल)
मो. : 9982475040

### कारपेन्टर एसोसिएशन बहरोड़ के चुनाव सम्पन्न



4 फरवरी, 2018 को जांगिड छात्रावास बहरोड़ में चुनाव अधिकारी डॉ. शिवराम जी की देखरेख में कारपेन्टर एसोसिएशन बहरोड के चुनाव सम्पन्न हुए, जिसमें श्री अरविंद कुमार जांगिड (वकील) को सर्वसम्मति से अध्यक्ष, श्री मुरारीलाल जी को सचिव, श्री महेश जांगिड बिरोजावास को कोषाध्यक्ष पद पर नियुक्त किया। इस अवसर पर पूर्व अध्यक्ष श्री चिरंजीलाल जी, पूर्व अध्यक्ष श्री दयानन्त जांगिड, नीमराणा तहसील अध्यक्ष श्री सत्यप्रकाश जी, प्रदेश संगठन मंत्री श्री प्रकाश चन्द,

श्री सुभाष जी खोर, श्री महावीर जी, श्री नीटू जी, श्री घनश्याम जी, श्री सत्यनारायण जी, श्री सतीश जी, श्री सुभाष कुतीना, श्री मदन जी पहाडि, श्री संजय जी, श्री लक्ष्मण जी, श्री कृष्ण नीमराना आदि उपस्थित हुए।

**पंचमुखी विश्वकर्मा की 101 फीट ऊँची प्रतिमा स्थापित होगी**

अखिल कर्नाटक विश्वकर्मा महासभा की ओर से बैंगलुरु–मैसूर सड़क पर चन्नपट्टणा के निकट रूद्राक्षीपुरा गाँव में पंचमुखी विश्वकर्मा जी की 101 फीट ऊँची प्रतिमा स्थापित की जाएगी। महासभा के अध्यक्ष श्री के.पी. नंजुड़ी के अनुसार इस प्रतिमा के लिए बैंगलुरु ग्रामीण जिले के देवनहल्ली के निकट स्थित चिक्कगोल्लरहल्ली की कोयरा पहाड़ी में दो बड़े पत्थरों का चयन किया गया है। विश्वकर्मा जी की 71 फीट ऊँची प्रतिमा को 30 फीट ऊँची पीठ पर स्थापित किया जाएगा। श्रवण बेलगोल में स्थित बाहुबली की प्रतिमा 57 फीट ऊँची है। इस प्रकार कोयरा पहाड़ी से प्रतिमा के लिए चयनित 100 फीट तथा पीठ के लिए चयनित 50 फीट लम्बे 2500 टन भार के पत्थरों को चन्नपट्टणा तक ले जाने के लिए 96 पहिए वाली दो विशेष लॉरी मुम्बई से मंगाई गई है। कोयरा से चन्नपट्टणा तक की 120 किलोमीटर की दूरी तय करने के लिए लगभग दो माह का समय लगेगा। इन दोनों विशालकाय पत्थरों को बैंगलुरु–मैसूर सड़क तक ले जाना संभव नहीं है, इसलिए वैकल्पिक मार्ग पर यात्रा के कुछ क्षेत्रों में अस्थाई सड़क बनाकर इन पत्थरों को रूद्राक्षीपुरा गाँव तक पहुँचाया जाएगा। यहीं पर पंचमुखी विश्वकर्मा की प्रतिमा तथा पीठ का निर्माण होगा। इस प्रतिमा के निर्माण के लिए शिल्पी दक्षिणामूर्ति के नेतृत्व में 150 शिल्पी 30 माह तक कार्य करेंगे। इसके अतिरिक्त यहाँ पर विघ्नेश्वर, कालिका देवी, सिद्धपाणी, पोतलुरु वीर ब्रह्मेन्द्रस्वामी तथा मौनेश्वर के मन्दिर भी बनेंगे। इस योजना को पूर्ण होने में लगभग 3 वर्षों का समय लगेगा।

**जांगिड समाज चौहटन ने नशा मुक्ति की ली शपथ**

सुथार समाज संस्थान चौहटन की ओर से 3 मार्च, 2018 को होली स्नेह मिलन समारोह में सुथार समाज अध्यक्ष श्री बांकाराम बरड़वा को समाज स्तर पर राष्ट्रीय राजनीतिक सलाहकार बनाने, सचिव राणाराम कुलरिया को प्रदेश प्रचार मंत्री, मंजुला धीर को राष्ट्रीय उपप्रधान बनाने पर सम्मानित किया गया। होली पर समाज के युवा अध्यक्ष दशरथ जांगिड के नेतृत्व में युवाओं और लोगों ने नशा मुक्ति की शपथ ली। साथ ही किसी भी गाँव में समाज के किसी भी सामाजिक कार्यक्रम में नशा नहीं करने, डोडा–अफीम की मनुहार नहीं करने की शपथ लेते हुए दण्ड का प्रावधान करने का निर्णय किया गया।

**अ.भा.जां.ब्रा. महासभा दिल्ली की नवगठित कार्यकारिणी का ऐतिहासिक शपथ ग्रहण समारोह दिल्ली में सम्पन्न**

4 मार्च, 2018 को प्लाट नं. 427, रानी खेड़ा रोड़, मुण्डका मेट्रो स्टेशन, पिलर नं. 535, मुण्डका, दिल्ली में प्रातः 11 बजे अ.भा.जां.ब्रा. महासभा दिल्ली की नवगठित कार्यकारिणी जोकि राष्ट्रीय प्रधान श्री रविशंकर शर्मा (जांगिड) द्वारा बनाई गई है का शपथ ग्रहण समारोह आयोजित किया गया। अ.भा.जां.ब्रा. महासभा प्रदेश सभा दिल्ली, शाखा सभाएं, संस्थाएं, युवा जांगिड एवं जांगिड समाजगण की ओर से समारोह को प्रायोजित किया गया। समारोह अध्यक्ष श्री कैलाश चन्द्र बरनेला पूर्व राष्ट्रीय प्रधान महासभा दिल्ली, समारोह के मुख्य अतिथि श्री रामपाल शर्मा उद्योगपति कृष्णा इंटीरियर्स बैंग्लुरु, दीप प्रज्वलन के मुख्य अतिथि श्री शिव बिहारी पिलवाल चेयरमेन होटल शिव विलास जयपुर। शपथ समारोह के मुख्य अतिथि उद्योगपति श्री लीलाराम जांगिड जांगिड बिल्डर्स एण्ड कम्पनी मुम्बई। अतिविशिष्ट अतिथि श्री प्रभुदयाल शर्मा कश्यप फर्नीचर एण्ड इंटीरियर डेकोरेटर वाराणसी तथा समारोह के स्वागताध्यक्ष श्री राजेश शर्मा जांगिड मोटर्स, श्री कैलाश चन्द जांगिड प्रधान विश्वकर्मा एज्यूकेशन ट्रस्ट तथा श्री गंगादीन जांगिड प्रधान विश्वकर्मा मन्दिर पहाड़गंज दिल्ली थे।

विशिष्ठ अतिथियों में श्री पूरणचन्द शर्मा प्रधान शिरोमणी सभा, श्री रमेश चन्द शर्मा पूर्व संरक्षक महासभा, श्री लीलूराम शर्मा चेयरमैन शिरोमणी सभा, श्री देवूराम जांगिड पूर्व उपप्रधान महासभा, श्री सुरेन्द्र शर्मा वाइस चेयरमैन शिरोमणी सभा, श्री कान्ति प्रसाद टाईगर पूर्व प्रदेशाध्यक्ष राजस्थान एवं पूर्व उपप्रधान महासभा, श्री नीरज शर्मा प्रकाश मशीन टूल्स दिल्ली, श्री श्रीराम जांगिड रूद्रा इंटीरियर प्रा.लि. द्वारका। वहीं सम्मानित प्रदेशाध्यक्षों में श्री लखन शर्मा राजस्थान, डॉ. शेरसिंह जांगड़ा हरियाणा, श्री मदनलाल जांगिड छत्तीसगढ़, श्री प्रभुदयाल जांगिड मध्यप्रदेश, श्री गिरधारी लाल जांगिड कर्नाटक, श्री द्वारका प्रसाद शर्मा गुजरात, श्री राधेश्याम जांगिड उत्तरप्रदेश, श्री प्रहलाद सहाय जांगिड महाराष्ट्र, श्री श्यामलाल शर्मा उत्तराखण्ड, श्री केवल कृष्ण जांगिड पंजाब, श्री सुनील कुमार जांगिड गोवा, श्री लादूराम जांगिड दिल्ली, श्री राजेश जांगिड तेलांगाना आदि। अतिथियों में श्री रघुवीर शर्मा, श्री जे.पी. शर्मा मेठ, श्री नीरज शर्मा, श्री धीरज शर्मा प्रकाश मशीन टूल्स, डॉ. सी.पी. शर्मा से.नि. विशेष सचिव विधानसभा लखनऊ, श्री ओ.पी. जांगिड आर.ए.एस. जयपुर, डॉ. ओ.पी. शर्मा दिल्ली, श्रीमती भारती जांगिड, श्रीमती पुष्पा शर्मा प्रदेश महिला महामंत्री हरियाणा, श्री अमराराम जांगिड दुबई, श्री पूराराम बरनेला पंचमुखी विश्वकर्मा, श्री एम.डी. शर्मा आयुषी बिल्डर्स, श्री प्रेमसुख शर्मा इंजिनियर, श्री पुखराज जांगिड सभी जोधपुर से, श्री रामजीलाल, श्री रतन लाल शर्मा फरीदाबाद, श्री बी.डी. शर्मा फरीदाबाद, श्री नारायण दत्त साड़ी वाले दिल्ली, श्री विद्यासागर वरिष्ठ उपप्रधान महासभा, श्री चन्द्रपाल भारद्वाज महामंत्री महासभा, श्री शंकर लाल जांगिड कोषाध्यक्ष महासभा, श्री टेकचन्द फरीदाबाद, श्री सीताराम जांगिड पूर्व जिला प्रमुख करौली, श्री महेन्द्र कुमार आर्य, श्री कैलाश शर्मा साली वाले पूर्व महामंत्री प्रदेश सभा आदि मंचासीन हुए।

सर्वप्रथम भगवान विश्वकर्मा जी के समक्ष दीप प्रज्वलन श्री शिव बिहारी पिलवाल जयपुर एवं अतिथियों के सहयोग से हुआ। श्री रामपाल शर्मा बैंग्लुरु द्वारा झण्डारोहण सभी अतिथियों की उपस्थिति में हुआ।

सभी मंचासीन अतिथियों का सम्मान माल्यार्पण, दुपट्टा एवं साफा तथा प्रतीक चिह्न भेंटकर श्री लादूराम जांगिड प्रदेशाध्यक्ष दिल्ली, श्री जगदीश प्रसाद जांगिड महामंत्री, श्री बंकट लाल शर्मा जांगिड कोषाध्यक्ष, श्री आर.के. सिंह जांगिड एवं अन्य पदाधिकारियों द्वारा किया गया।

अतिथियों द्वारा नवगठित कार्यकारिणी के पदाधिकारियों को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलवाई गई।

इस अवसर पर नवनिर्वाचित प्रधान श्री रविशंकर शर्मा (जांगिड)

का सभी प्रदेशों की ओर से सम्मान किया गया, वहीं श्री कैलाश चन्द्र बरनेला पूर्व प्रधान का भी भव्य स्वागत विदाई के रूप में किया गया।

मंच संचालन श्री चन्द्रपाल भारद्वाज महामंत्री महासभा दिल्ली एवं श्री कैलाश शर्मा (साली वाले) पूर्व महामंत्री प्रदेश सभा राज. तथा श्री के.डी. शर्मा एडवोकेट दिल्ली द्वारा किया गया।

इस अवसर पर सम्पूर्ण भारत से पधारे 14 प्रदेशों से सभाओं, भामाशाहों व उद्योगपतियों ने महासभा भवन (मुण्डका) में भवन बनाने में बड़ा दिल रखकर बढ़-चढ़कर सहयोग किया। स्मरण रहे यह महासभा का भूखण्ड भी पूर्व प्रधान के कार्यकाल में क्रय किया गया था और इस भवन को बनवाने की जिम्मेदारी भी वर्तमान प्रधान श्री रविशंकर शर्मा (जांगिड) ने उनको चेयरमैन बनाकर सौंप दी।

एक मायने में यह समारोह ऐतिहासिक हुआ, जिसमें लगभग 2000 समाज बन्धुओं की 14 प्रदेशों से उपस्थिति रही। पांडाल खचाखच भरा हुआ। विशाल मंच भी भरा हुआ था। विशेषता यह रही कि इस अवसर पर समाज के भामाशाहों, उद्योगपतियों एवं प्रदेश सभाओं ने बढ़-चढ़कर महासभा भवन के निर्माण के लिए 3.5-4 करोड़ रु. की घोषणा हुई।

प्रदेश सभा दिल्ली की ओर से प्रायोजित यह समारोह एक सफल समारोह में शुमार हुआ, जिसके लिए समाज दिल्ली प्रदेशवासियों का आभारी रहेगा।

इस अवसर पर राष्ट्रीय प्रधान श्री रविशंकर शर्मा (जांगिड) द्वारा नवनिर्वाचित श्री राजेश जांगिड तेलंगाना के प्रदेशाध्यक्ष को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलवाई तथा श्री राधेश्याम जांगिड को उत्तर प्रदेश के प्रदेशाध्यक्ष पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलवाई। श्री कैलाश शर्मा (साली वाले) राजस्थान प्रदेश के प्रभारी के रूप में शपथ दिलाई। वहीं श्री मुकेश समलेटी पूर्व जिलाध्यक्ष दौसा को राष्ट्रीय जनगणना प्रभारी बनाया गया। श्री भीमराज जांगिड को ''जांगिड ब्राह्मण'' पत्र का मुद्रक एवं प्रकाशक के रूप में शपथ दिलवाई गई। वहीं श्री अमराराम (टुबई) को अन्तर्राष्ट्रीय अध्यक्ष के रूप में प्रधान जी ने शपथ दिलवाई तथा श्री रतन लाल शर्मा फरीदाबाद को राजनैतिक प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय अध्यक्ष के पद की शपथ दिलवाई। श्री पुखराज जोधपुर को बाड़मेर, जैसलमेर, जोधपुर का प्रभारी नियुक्त किया गया। श्री राधेश्याम चिचावा जयपुर को महासभा कार्यालय के प्रभारी के रूप में मनोनीत किया।

**श्री जांगिड/सुथार सामूहिक विवाह सम्मेलन समिति बड़ के बालाजी एवं श्री अंगिरा आश्रम युवा उत्थान समिति बगरू (जयपुर) के संयुक्त तत्वावधान में 28-29 अप्रैल, 2018 को प्रथम आदर्श सामूहिक विवाह सम्मेलन**

श्री जांगिड/सुथार सामूहिक विवाह सम्मेलन समिति बड़ के बालाजी एवं श्री अंगिरा आश्रम युवा उत्थान समिति बगरू (जयपुर) के संयुक्त तत्वावधान में 28-29 अप्रैल, 2018 को प्रथम आदर्श सामूहिक विवाह सम्मेलन का आयोजन श्री बड़ के बालाजी मन्दिर प्रांगण, अजमेर रोड़, जयपुर में आयोजित किया जाएगा।

वर-वधू प्रत्येक पक्ष से जोड़ा पंजियन शुल्क 11000/-रु. तथा भतियों से प्रत्येक पक्ष से 2100/-रु. की राशि रखी गई है।

जोड़ा पंजियन के समय सम्पूर्ण राशि (निर्धारित) जमा कराना आवश्यक है। निर्धन व विधवा की संतान को समिति द्वारा विशेष छूट दी जाएगी। जोड़ा पंजियन ''पहले आओ, पहले पाओ'' के आधार पर किया जाएगा। जोड़ा पंजियन 1 मार्च, 2018 से 31 मार्च, 2018 तक ही करवा सकेंगें।

ये सम्मेलन प्रदेश स्तर पर होगा, जिसकी विशेष जानकारी के लिए सम्पर्क सूत्र : 9772111140, 9828506796, 7014053200, 9352750237, 9828155756, 9414416062, 9414005809, 9314186365

**फलौदी में सुथार समाज की मीटिंग का आयोजन सम्पन्न**

7 मार्च, 2018 को विश्वकर्मा छात्रावास फलौदी में सुथार समाज की मीटिंग का आयोजन हुआ, जिसमें फलौदी, जोधपुर, नागौर, बीकानेर, बाड़मेर सहित कई अन्य राज्यों से भी समाज बन्धुओं ने भाग लिया।

इस मीटिंग में समाज बन्धुओं को एक-दूसरे का सहयोग करके प्रोत्साहित करने, प्रतिभावान विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा दिलाने के लिए सहयोग करने, राजनैतिक व सामाजिक संगठन को एकजुट होकर मजबूत करने, प्रत्येक शहर में सुथार समाज के छात्रावासों का निर्माण करने आदि विभिन्न मुद्दों पर मंथन हुआ।

इस अवसर पर उद्योगपति एवं भामाशाह श्री मगाराम कुलरिया एवं श्री भंवर कुलरिया, मुम्बई प्रवासी श्री संजय बुढड युवा नेता, श्री प्रदीप माकड़, श्री रतनलाल नागल, श्री सत्यनारायण सुथार, श्री मोहन मोखा, श्री मोतीलाल डोयल, श्री गोरधन नागल, श्री नथमल सुथार, श्री मोहन आसदेव, श्री हीरालाल आसदेव, श्री हुकमाराम सुथार, श्री नारायण डोयल, श्री सुरज डोयल, श्री नन्द किशोर सुथार, श्री धर्मेन्द्र माण्डण, श्री चम्पालाल नागल सहित मुम्बई, नवसारी, बड़ौदा सुथार, हिसार, सांचौर, बाड़मेर, जोधपुर, जालोर, जैसलमेर आदि से भी समाज बन्धु उपस्थित हुए।

इस अवसर पर प्रबुद्धजनों ने ''सुथार शब्द'' की महत्ता पर मंथन किया, समाज में व्याप्त कुरुतियों को खत्म करने के लिए सामूहिक प्रयासों पर भी बल दिया।

**निम्बार्क वैदिक संस्कृत समिति भीलवाड़ा द्वारा राज्य स्तरीय संस्कृत वाङ्मय पुरस्कार वितरण एवं प्रतिभा सम्मान समारोह सम्पन्न**

24 फरवरी, 2018 को निम्बार्क वैदिक संस्कृत समिति भीलवाड़ा (राज.) राज्य स्तरीय संस्कृत वाङ्मय पुरस्कार वितरण एवं प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन राष्ट्रीय संस्कृत संस्थान त्रिवेणी नगर, जयपुर में हुआ।

समिति के संयोजक डॉ. के.जी. जांगिड के अनुसार समारोह के मुख्य अतिथि मा. श्री विजय कुमार सिंह आई.पी.एस. (महा निरीक्षण पुलिस भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो राज.) तथा अध्यक्षता की मा. श्री कृष्णकान्त पाठक आई.ए.एस. (सचिव मुख्यमंत्री राज. सरकार) द्वारा की गई। अतिविशिष्ट अतिथि मा. श्री मातादीन शर्मा आई.ए.एस. (सचिव राज. अधि. एवं मंत्रालयिक सेवा चयन बोर्ड), विशिष्ट अतिथियों में अतिरिक्त कलेक्टर जयपुर डॉ. मोहन लाल यादव, ए.आर.टी.ओ. जयपुर डॉ. ज्ञानदेव विश्वकर्मा, पूर्व निदेशक भाषा विभाग डॉ. कलानाथ शास्त्री,

आर.ए.एस. श्री हरि शंकर भारद्वाज, आर.ए.एस. श्री रामचन्द्र बैरवा, संयुक्त निदेशक संस्कृत शिक्षा विभाग राज. डॉ. भास्कर शर्मा पूर्व विशेष सचिव, आर.ए.एस. श्री के.जी. गोयल, श्री सीताराम गोठवाल पूर्व प्रशासनिक अधिकारी एवं श्री हनुमान प्रसाद शर्मा आदि मंचासीन हुए। निम्बार्क आश्रम भीलवाड़ा के महन्त श्री मोहन शरण शास्त्री के सान्निध्य में यह कार्यक्रम हुआ, आपके आशीर्वचन से आशीर्वाद भी मिला।

इस समारोह में 126 छात्र-छात्राओं व 53 संस्कृत प्रतिभाओं को राज्य स्तरीय वाङ्मय अवार्ड से सम्मानित किया गया। सभी मंचासीन अतिथियों का भी सम्मान किया गया तथा मंचासीन अतिथियों द्वारा संस्कृत भाषा के प्रचार-प्रसार पर व्याख्यान हुए तथा प्रति वर्ष होने वाले इस सम्मेलन की सभी ने प्रशंसा की तथा समिति को धन्यवाद ज्ञापित किया।

–के.जी. जांगिड (प्रदेश संयोजक), भीलवाड़ा

### दौलतराम सुथार जां.ब्रा. महासभा जिला सभा भरूच के अध्यक्ष निर्वाचित



25 फरवरी, 2018 को जांगिड ब्राह्मण महासभा जिला सभा भरूच एवं प्रदेश सभा गुजरात के तत्वावधान में नवनिर्वाचित अध्यक्ष श्री दौलतराम सुथार को दहेज बाइपास रोड पर गायत्री पार्टी प्लॉट आनन्द रेस्टोरेन्ट के पास भरूच में प्रदेशाध्यक्ष गुजरात द्वारा पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलवाई गई।

इस अवसर पर उपस्थित समाज बन्धुओं ने नवनिर्वाचित अध्यक्ष का अभिनन्दन किया तथा पूर्व अध्यक्ष श्री सुरेश कुमार जी का भी सम्मान किया। समारोह की अध्यक्षता श्री द्वारका प्रसाद प्रदेश अध्यक्ष गुजरात ने की, पूर्व प्रदेशाध्यक्ष श्री जोगाराम, श्री परमेश्वर, श्री प्रकाश, कच्छ जिलाध्यक्ष श्री विजयराज, बड़ौदा जिलाध्यक्ष श्री बनवारीलाल, आणंद जिलाध्यक्ष श्री घनाराम, अहमदाबाद जिलाध्यक्ष श्री रामस्वरूप, प्रदेश उपाध्यक्ष श्री मक्खन लाल, श्री खींमचन्द, श्री प्यारसी लाल, श्री कैलाश, श्री कैलाश जांगिड, श्री राम बड़ौदा, श्री जटाशंकर दमण अतिथि के रूप में, श्री मोहन गाँधीधाम प्रदेश महामंत्री आदि सहित कई गणमान्यों उपस्थिति रही।

इसके अतिरिक्त गुजरात कार्यकारिणी के सदस्यगण एवं पदाधिकारीगण भी उपस्थित हुए।

### जांगिड युवा मंच सूरत द्वारा चतुर्थ जे.पी.एल. क्रिकेट प्रतियोगिता-2018 का आयोजन सम्पन्न

जांगिड युवा मंच सूरत द्वारा चतुर्थ जे.पी.एल. क्रिकेट प्रतियोगिता-2018 का आयोजन 19 फरवरी से 22 फरवरी तक किया गया, जिसमें कुल 16 टीमों ने भाग लिया। यह चतुर्थ आयोजन सूरत में जल क्रान्ति ग्राउण्ड धरती नगर, वराछा, सूरत में हुआ।

इस प्रतियोगिता के स्पॉन्सर्स श्री मोतीलाल जांगिड (UTCRE SA. Design), कॉस्पॉन्सर्स श्री राजील जांगिड (श्री जी ग्रुप), एकलिंग जांगिड (गौराना फकेड सोल्यूशन) तथा श्री राजेन्द्र जांगिड (श्रीनाथ ट्रेवलर्स), श्री नेमीचन्द जांगिड (मानस फैशन्स), श्री प्रमोद जांगिड (RALJA G.R.), श्री सुरेश कुमार जांगिड (सनशाईन फैशन) आदि रहे।

श्री मोतीलाल जी मुख्य अतिथि, विशिष्ट अतिथि श्री दिनेश कुमार सारंग (आई.आर.एस.), श्री नेमीचन्द जांगिड गाँधीधाम, श्री एकलिंग प्रसाद, श्री राजेन्द्र, श्री प्रमोद, श्री नेमीचन्द सूरत, श्री धनराज जांगिड, श्री संजय बड़ौदा, श्री विनोद कुमार जांगिड, श्री राजील जांगिड आदि उपस्थित हुए।

इसमें अंगिरा इलेवन टीम अहमदाबाद विजेता रही तथा KWB, Sport टीम सूरत उपविजेता रही।

विजेता एवं उपविजेता टीमों को श्री दिनेश सारंग अहमदाबाद, श्री नेमीचन्द शर्मा गाँधीधाम, श्री एकलिंग सूरत, पूर्व अध्यक्ष श्री कैलासनी सूरत, श्री भंवरलाल सूरत, श्री नेमीचन्द सूरत, श्री धनराज दिल्ली, श्री मोतीलाल सूरत आदि के करकमलों द्वारा ट्रॉफी प्रदान की गई।

### जांगिड ब्राह्मण सामूहिक विवाह आयोजन समिति द्वारा सम्म् नि:शुल्क सामूहिक विवाह सम्मेलन सम्पन्न

17 फरवरी, 2018 को श्री अंगिरा आश्रम एवं छात्रावास समिति कोटपूतली परिसर में जांगिड ब्राह्मण सामूहिक विवाह आयोजन समिति कोटपूतली द्वारा सम्म् नि:शुल्क सामूहिक विवाह एवं सामाजिक सम्मेलन का आयोजन किया गया, जिसकी अध्यक्षता श्री नरपाल जी बैंग्लुरु व मुख्य अतिथि श्री छगन लाल जी संगम विहार दिल्ली ने की।

प्रात: 9.15 बजे 7 दुल्हे घोड़ियों पर सवार होकर, सैंकड़ों सौभाग्यवती कलशधारी महिलाओं सहित शोभा यात्रा का आयोजन किया गया। 11.15 बजे शोभा यात्रा के विवाह स्थल पर पहुँचने पर श्री मदनलाल बैंग्लुरु, श्री रामोतार बायल व समिति अध्यक्ष कैप्टन हेमराज जांगिड ने बारात शोभा यात्रा का स्वागत किया।

तत्पश्चात् सामूहिक तोरण व वरमाला का कार्यक्रम सम्पादित किया गया व सभी जोड़े पाणिग्रहण के लिए मंगलमय मंडप में पहुँचे। जहाँ पर समाज के विद्वान पंडितों द्वारा विधिविधान पूर्वक पं. अमरचंद जाला के नेतृत्व में पाणिग्रहण संस्कार कराया गया। दूसरी तरफ सामाजिक सम्मेलन का आयोजन भी 12.15 बजे से प्रारम्भ किया गया। जिसकी अध्यक्षता श्री यादराम जांगिड दिल्ली ने की। मुख्य अतिथि श्री अत्तर सिंह बढ़ाना विधायक बयाना रहे। विधायक महोदय ने सामूहिक विवाह आयोजन की प्रशंसा करते हुए नवविवाहित जोड़ों को आशीर्वाद दिया। सम्मानित अतिथियों में श्रीमती पुष्पा महिला प्रदेश अध्यक्ष हरियाणा, इन्दुबाला जांगिड, सूबेदार रमेश कुमार जैनाबाद, डॉ. मनोज तहसील अध्यक्ष बानसूर, श्री पंचम सिंह जिलाध्यक्ष महेन्द्रगढ़, रामोतार जी नांगल चौधरी, हनुमान सिंह राठौड़ अध्यक्ष गौरव सैनिक कल्याण समिति, महावीर रावत, मदनलाल रामसिंहपुरा, कैलाश जी ठीकरिया सहित सैंकड़ों अतिथियों का स्वागत समिति के सदस्यों ने किया। हनुमान सहाय टटेरा कार्यकारी अध्यक्ष, रमेश बड़ाबास, पप्पू बड़ाबास, रूपचन्द बड़ाबास, रोहिताश महामंत्री, कैलाश जी कोषाध्यक्ष सहित सभी सदस्यों उपस्थित रहे।